कार्यशाला | चमेलीदेवी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में आईजी कपूर ने कहा

मोबाइल, इंटरनेट के गलत उपयोग से आपका भी नुकसान होगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल फायदे के लिए करें, क्योंकि इसके गलत इस्तेमाल से आपका भी नुकसान होगा। मोबाइल, इंटरनेट पर अकसर मैसेज आते हैं कि आपकी लॉटरी लगी है। कई लोग जानकारी के अभाव में लालच में आकर पैसा लगाकर फंस जाते हैं। सोशल मीडिया पर भी अनजान लोग आपकी जानकारी मांगकर उसका दुरुपयोग करते हैं। इसलिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त सतर्क रहें, यही साइबर सुरक्षा का मंत्र है।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को टिप्स देते आईजी वरुण कपूर।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे मंगलवार को चमेलीदेवी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में विद्यार्थियों और फैकल्टी को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने साइबर अपराध के विश्वभर में प्रभाव, उसे रोकने के उपाय आदि के बारे में कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा आज दुनिया में सोशल साइट्स, बैंक, बीमा सहित हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग हो रहा है। अगर आप इनके प्रति जागरूक रहेंगे तो साइबर अपराध से बचे रहेंगे। कपूर ने विद्यार्थियों को नशा न करने का संकल्प भी दिलाया। पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गौरव बंग, मिताली गुप्ता, शिवानंद यादव को आईजी ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज से सम्मानित किया। इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर वीएस कुशवाह ने आईजी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किए।